Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874 दैनिक

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 217 | शनिवार, 15 अगस्त-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

आप सभी को वेलकम इंडिया परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संपादक की कलम से

उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा मानसून सत्र

ललित शर्मा
संपादक

संसदीय मयार्दाओं का क्षरण कब तक? आखिर कब हम संसद के एक–एक मिनट का उपयोग करने की पात्रता विकसित करेंगे? आजादी की 80वीं वर्षगांठ की आयोजना से पूर्व भारत में संसद का मानसून सत्र जिस निराशाजनक स्थिति, नाउम्मीदी और उपेक्षापूर्ण स्थितियां के साथ संपन्न हुआ, वह केवल किसी एक दल, सरकार या विपक्ष की विफलता नहीं है, बल्कि हमारी संसदीय संस्कृति के सामने खड़ा एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। 25 दिनों तक चले इस सत्र में तीखी राजनीतिक बहस के बजाय हंगामा, नारेबाजी, गतिरोध और कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति अधिक प्रभावी रही। प्रश्न यह नहीं है कि सत्ता पक्ष सही था या विपक्ष, प्रश्न यह है कि क्या हमारी संसद अपने मूल दायित्व–जनता के प्रश्नों पर गंभीर विमर्श, सरकार की जवाबदेही और राष्ट्रहित में कानून निर्माण को पूरा कर पा रही है? इस सत्र के आंकड़े स्वयं बहुत कुछ कह रहे हैं। लोकसभा की उत्पादकता बमुश्किल 19 प्रतिशत रही, जबकि राज्यसभा में लगभग 39 प्रतिशत काम हो पाया। लोकसभा में एक भी दिन प्रश्नकाल पूरा नहीं हो सका। यह स्थिति इसलिए अधिक चिंताजनक है क्योंकि प्रश्नकाल संसद की आत्मा माना जाता है। देश की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को सरकार से प्रश्न पूछने और सरकार को उनका उत्तर देने का अवसर ही यदि सदन में उपलब्ध न हो, तो लोकतंत्र की जवाबदेही किस रास्ते से सुनिश्चित होगी? 28 जुलाई को लोकसभा में अपेक्षाकृत ठीक काम हुआ, जबकि राज्यसभा में भी केवल कुछ दिन ही सार्थक कार्यवाही हो सकी। शेष समय का बड़ा हिस्सा राजनीतिक टकराव की भेंट चढ़ गया। संसद केवल ईंट–पत्थर से बनी इमारत नहीं है। वह भारत की सामूहिक चेतना का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। वहां देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाएं, समस्याएं और सपने पहुंचते हैं। किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, व्यापारी, युवा, गरीब और वंचित वर्ग–सभी की आवाज संसद के माध्यम से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनती है। इसलिए संसद का एक मिनट भी केवल सांसद का समय नहीं होता, वह देश की जनता के धन, विश्वास और लोकतांत्रिक अधिकार का समय होता है। संसद का प्रत्येक व्यर्थ गया मिनट वास्तव में जनता के विश्वास से घटा हुआ एक मिनट है। दुर्भाग्य यह है कि संसद में हंगामा अब अपवाद नहीं, बल्कि संसदीय राजनीति का लगभग नियमित हथियार बनता जा रहा है। मुद्दे उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, सरकार को घेरना विपक्ष का दायित्व है और असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन असहमति को संवाद में बदलने के बजाय कार्यवाही रोक देना लोकतंत्र को मजबूत नहीं करता। विरोध की भी एक मयार्दा होती है। यदि विपक्ष अपनी बात रखने के लिए सदन को चलने ही न दे और सत्ता पक्ष विपक्ष की आवाज सुनने की बजाय राजनीतिक बहुमत को ही पर्याप्त समझे, तो दोनों मिलकर संसदीय लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर करते हैं। इस सत्र में कुछ घटनाएं इस गिरावट को और स्पष्ट करती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्र के समापन पर पारंपरिक समापन भाषण नहीं दिया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस द्वारा लोकसभा अध्यक्ष के साथ होने वाली चाय पार्टी का बहिष्कार किया जाना भी केवल एक कार्यक्रम का बहिष्कार नहीं माना जा सकता। यह सदन के भीतर बढ़ती राजनीतिक कटुता का संकेत है। लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, मनभेद लोकतंत्र के लिए घातक हैं। संसद में बहस के बाद हाथ मिलाने की संस्कृति विकसित होनी चाहिए, बहस के बाद दूरी बढ़ाने की नहीं। इस मानसून सत्र को नीट–यूजी पेपर लीक, जंतर–मंतर छात्र आंदोलन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग और राम मंदिर में दान चोरी जैसे मुद्दों के लिए भी याद किया जाएगा। जंतर–मंतर पर हुई हिंसा के बाद विपक्ष केंद्रीय गृहमंत्री से जवाब मांग रहा था।

नफरत

उदय कशोर साह

कविता

नफरत की चश्मा उतार कर देखो
सामने दिखेगा तुम्हें सिर्फ इन्सान
मन को सुकून देने वाला है
जब नफरत का करोगे अपमान

नफरत की बीज मन में ना डालना
छीन लेता है ये जीवन का . सुकून
नफरत की पौधा और .इनका फल
पैदा करता है अदावत की जूनून

इतिहास के पन्ने पलट कर देख लो
मिट गई है सूरमाओं की हस्ती
जीवन के सुख में आग लगा देता है
जल गई है धरा पे बस्ती की बस्ती

नफरत की जो खोल बैठा है दुकान
मिट गई है उस सज्जन की जहान
सगे सवंधी सड़क पे आ गये हैं
पड़ गई है उनकी मुसीबत में जान

गुस्से को ठंडे बस्ते में रख मेरे भाई
गुस्सा है अब बारूद की एक ढ़ेर
अपनो में हो या बेगानों की ताईं
गुस्से से नही है सुकुन को कभी खैर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं







एमएन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली, देशभक्ति के नारों से गूंजा सोनौरा गौसी

संतकबीरनगर (वेलकम इंडिया)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेमरियावां विकासखंड क्षेत्र के एमएन पब्लिक स्कूल सोनौरा गौसी में शुक्रवार को देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भव्य तिरंगा रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चों ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। रैली को विद्यालय के एमडी शोऐब अहमद नदवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शुरू होने से पहले उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर है, जिनकी कुर्बानियों की बदौलत आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके तीनों रंग और अशोक चक्र हमें साहस, शांति, समृद्धि और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। बच्चों के मन में बचपन से ही राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी है।

स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को किया सम्मानित

हापुड़ (वेलकम इंडिया)। एसएसवी डिग्री कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को शाल व प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, डीएम कविता मीना, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीडीओ श्रुति शर्मा, बीएसए दीपा भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने विभाजन की विभीषिका से विस्थापित परिवारों के नाम मोमबत्ती जलाकर किया गया। श्रीचंद शर्मा ने कहा कि वीभत्स नरसंहार की याद में कार्यक्रम आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि विभाजन की विभीषिका को याद करते हुए विस्थापित परिवारों के संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

स्वच्छ साहनपुर | स्वच्छ भारत - एक कदम स्वच्छता की ओर | स्वस्थ साहनपुर

जनता से अपील

नगर पंचायत साहनपुर जनपद–बिजनौर

स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ सर्वेक्षण – 2026

स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त 2026) के अवसर पर समस्त सम्मानित नगरवासियों से नगर पंचायत अपील करती है।

01. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोड़ें।
02. जल–मूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
03. अपने घरों का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें।
04. सड़कों पर कूड़ा व गन्दगी न डालें।
05. नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
06. नगर को स्वच्छ व साफ–सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
07. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
08. जन्म–मृत्यु का नगर पंचायत कार्यालय में समय से रजिस्ट्रीकरण अवश्य करायें।
09. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
10. अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा ना होने दें। जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।

अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी

समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण
नगर पंचायत साहनपुर जनपद–बिजनौर

मौ0 खुर्शीद मन्सूरी
अध्यक्ष

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया/गुलजार आलम

रामपुर। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला चिकित्सालय रामपुर से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, दोपहर 12:30 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपा सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी.सी. सक्सेना की अगुवाई में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया जो जिला चिकित्सालय रामपुर से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से गांधी समाधि रामपुर पर संपन्न हुई यात्रा में समस्त चिकित्सा कर्मियों ने प्रतिभाग किया कर्मचारियों में सभी संवर्ग जैसे नर्सिंग, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा, तेज बारिश के बीच भी कर्मियों का जोश कम नहीं हुआ भारत माता की जय, तिरंगा ऊंचा रहे हमारा के जयकारों के साथ यात्रा जिला चिकित्सालय से निकली और वीर जवानों को याद करते हुए गांधी समाधि पर इसका समापन हुआ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी.सी.सक्सेना ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि शासन के आदेशों के अनुपालन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य सभी के दिलों में राष्ट्रभक्ति , देशप्रेम आदि को जगाना है आज हमारा देश विश्वगुरु बनने की ओर है इसलिए हमें अपने देश के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा से कार्य करना चाहिए, दुनिया की नजर आज भारत पर है जो काफी तेजी से तरक्की कर रहा है प्रत्येक क्षेत्र में भारत के लोग उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए साथ ही हमें उन शहीदों को हमेशा सम्मान देना चाहिए जिनकी वजह से हमें आजादी मिली है क्यूँकी उन्होंने देश को आजाद कराने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महोदय ने आगे बताया कि आज आज बारिश के बीच भी चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने जोश एवं देशप्रेम को दशार्ते हुए तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया । इस यात्रा में डॉ संतोष, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ अजीज हसन अंसारी, हरीश चंद्र,कविता, इसरार खान आदि शामिल रहे।

कांग्रेस की बैठक में बवाल: जिलाध्यक्ष पर हमला, पर्यवेक्षक के सामने ही जमकर चले लाठी-डंडे; चार पदाधिकारी घायल

मथुरा (वेलकम इंडिया)। मथुरा में नौहझील में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित कांग्रेस की बैठक उस समय हंगामे में बदल गई, जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के साथ कुछ लोगों ने कथित तौर पर गाली–गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिलाध्यक्ष को बचाने पहुंचे कार्यकताओं से भी मारपीट की गई। देखते ही देखते बैठक स्थल पर अफरातफरी मच गई। कार्यकताओं के बीच कुर्सियां फेंककर हमला होने लगा। घटना में जिलाध्यक्ष समेत कांग्रेस के चार पदाधिकारी घायल हो गए। घटना के संबंध में पूर्व शहर अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर हाथरस विक्रम वाल्मीकि द्वारा 5 नामजदों सहित 15 अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है व जांच पड़ताल में जुट गई है। कस्बा नौहझील के शेरगढ़ रोड स्थित रामा मैरिज गार्डन में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस की बैठक शुरू हुई। इसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं कर्नाटक की पूर्व विधायक डॉ. अंजलि निंबालकर पर्यवेक्षक के रूप में पहुंची थीं। बैठक में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। नीचे हॉल में कार्यकताओं की बैठक चल रही थी, जबकि ऊपर कमरे में पर्यवेक्षक जिले के संगठन और पदाधिकारियों के संबंध में चार–पांच कार्यकताओं के अलग–अलग समूह बनाकर फीडबैक ले रही थीं।



समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाफ़िज़ नूर अहमद अज़हरी
अध्यक्ष
मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया (30 प्र0)
नि0 - मो0 खानकाह, पूरनपुर (पीलीभीत)

आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार 'राजू'
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
समाजवादी युवजन सभा
129 विधानसभा पूरनपुर समाजवादी पार्टी
rajkumarspraju
@rajkumarrajusp


जय हिन्द! जय भारत!
आजादी का अमृत महोत्सव
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
आईए! हम सब मिलकर
एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत
के निर्माण का संकल्प लें।
प्रदीप सोनकर
129 विधानसभा पुरनपुर
पीलीभीत

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आइए, हम सब मिलकर देश की एकता,
अखंडता और प्रगति के लिए
संकल्प लें और भारत को
विकसित और सशक्त बनाएं।
ग्राम पंचायत हमीरपुर पूरनपुर पीलीभीत
ग्राम प्रधान
भूपराम
सचिव :
अखिलेश कुमार गुप्ता

आप सभी देश, प्रदेश, जनपद व क्षेत्रवासियों
को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक कार्यक्रम अधिकारी
आदर्श वर्मा
पूरनपुर, ब्लाक पीलीभीत

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए! हम सब मिलकर अपने देश को
स्वच्छ, शिक्षित, सशक्त और समृद्ध बनाने
का संकल्प लें।
जय हिंद!
ग्राम पंचायत शेरपुर कला
पूरनपुर, पीलीभीत
ग्राम प्रधान
जाने आलम
सचिव
विजय कुमार राज

सारे जहां से अच्छा, हिन्दुस्तॉं हमारा
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आईएं! इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर देश की
एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लें और
भारत माता को और भी गौरवशाली बनाएं।
जय हिन्द! जय भारत!
आओ देश का मान बढ़ाएं, हर घर तिरंगा लहराएं!
जगबत्ता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुल्तानपुर, पूरनपुर, पीलीभीत
सचिव :
अतुल कुमार
समस्त पंचायत सदस्यगण
एवं ग्रामवासी
एक देश ★ एक संविधान ★ एक पहचान ★ हमारा भारत महान

देशवासियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपेंद्र कौर
जिला पंचायत सदस्य
पत्नी
मंजीत सिंह
पूर्व जिला पंचायत
पीलीभीत

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम प्रधान वासूदेव कूंडू
ग्राम पंचायत चंदिया हजारा पूरनपुर पीलीभीत
प्रेमशंकर (सचिव)
गांव में स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी
सबका साथ जरूरी

देशवासियो को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र मौर्या
प्रदेश सचिव
पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी,
जिलाध्यक्ष-मौर्य विकास कल्याण संस्था,
पुत्र पूर्व प्रत्याशी विधानसभा 127 व ब्लॉक
प्रमुख मरौरी, पीलीभीत

देशवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमानत रसूल
जिला अध्यक्ष
ग्राम रोजगार सेवक संघ
शेरपुर कलां पूरनपुर पीलीभीत

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव मे स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी, सबका सहयोग जरूरी
फैय्याज हुसैन
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
पूरनपुर देहात पूरनपुर पीलीभीत (सचिव-अवनीश कुमार)

वेलकम इंडिया
15 AUGUST
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बलराम सिंह

वेलकम इंडिया
15 AUGUST
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवशरणप्पा जी.एन.
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

वेलकम इंडिया
15 AUGUST
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अभिषेक महाजन
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
सिद्धार्थनगर

वेलकम इंडिया
15 अगस्त
HAPPY Independence DAY
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विरेंद्र जायसवाल
भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड न० 8 बढ़नी, सिद्धार्थनगर

वेलकम इंडिया
15 अगस्त
HAPPY Independence DAY
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद मुस्तफा

वेलकम इंडिया
15 अगस्त
HAPPY Independence DAY
समस्त देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव शंकर

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दुस्ताँ हमारा
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी मिलकर
देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए
समर्पित होने का संकल्प लें।
डॉक्टर जीशान खान मजहर
जय हिन्द! वंदे मातरम्!
डॉक्टर मोहम्मद फैजान खान
एसके मजहर हॉस्पिटल
बिजली घर रोड, पुरनपुर
सुविधाएं: ओ.पी.डी. | जनरल मेडिसिन | महिला रोग | बच्चों का इलाज | लैब टेस्ट | ई.सी.जी. | जाँच की सुविधा
9634303401

जय जवान
जय किसान
जय हिन्दुस्तान
AIHCP
ऑल इण्डिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी (उ.प्र.)
भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत
आप सभी देशवासियों को
राष्ट्रीय पर्व
80 वां स्वतन्त्रता दिवस
15 अगस्त 2026
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पं० बुद्धप्रकाश शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
पं० नरेशचंद शर्मा
पं० गोपाल शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
पं० अजय शर्मा
जिलाध्यक्ष हापुड़
पं० कुलदीप शर्मा
जिला अध्यक्ष, मेरठ

जय भारत !!
जय भीम !
जय संविधान !!!
BSP
बहुजन समाज पार्टी
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
आप सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
रक्षाबंधन
के पावन पर्व की
आप सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
जगमाल सिंह पाल
जिला अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी
जनपद-हापुड़ (उत्तर प्रदेश)

समाजवादी पार्टी मिशन 2027
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं!
मा. श्री अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी
15 अगस्त 2026
हरीश पाल जी
पूर्व सांसद
आओ मिलकर प्रण लें,
देश को और अधिक
शक्तिशाली बनाएं.
देश की एकता हमारी ताकत
स्वतंत्रता दिवस का सम्मान
शहीदों को हमारा प्रणाम
राष्ट्र निर्माण में हम सब सिपाही
नैना सिंह गुर्जर
विधानसभा क्षेत्र
गढ़मुक्तेश्वर 60
नीरज पाल
राष्ट्रीय महासचिव सपा
राष्ट्र सर्वोपरि • समाजवाद हमारा सिद्धांत • विकास हमारा संकल्प


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आइए, हम सब मिलकर देश की
एकता, अखंडता और प्रगति के लिए
संकल्प लें एवं भारत को
विश्व गुरु बनाने में योगदान दें।
ललित सिंह (एड.)
समाजवादी पार्टी
समाजवादी पार्टी समाजवाद ही हमारा लक्ष्य

समाजवादी महिला पंचायत संसद
गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा
सितंबर 2026
पिछले साल महिला पंचायत संसद में 5000 महिलाओं ने लिया था हिस्सा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से
इस वर्ष 10,000 महिलाओं के शामिल होने का लक्ष्य
महिला पंचायत संसद महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा प्लेटफार्म
विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हजारों महिलाएं कार्यक्रम में हिस्सा लेती हैं
इस प्लेटफार्म पर महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा होती है और बहुत सारी समस्याओं के समाधान होते है
गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पिछले 10 वर्षों से निरंतर हमारा प्रयास है प्रत्येक वर्ग के लिए कार्य किया जाए
देश की आधी आबादी को पूरा सम्मान मिले इसके लिए निरंतर हम कार्य करते रहेंगे
महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी टीम शानदार कार्य कर रही है
सशक्त महिला, समृद्ध समाज यही है हमारा संकल्प
उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी महिला पंचायत संसद
आशुतोष शर्मा
B.Tech, M.Tech & PHD*
(विधानसभा गढ़मुक्तेश्वर)

हर घर
तिरंगा
हर दिल
भारत
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर
राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लें।
देश के वीर शहीदों को शत-शत् नमन।
जय हिन्द जय भारत
इन्द्रपाल सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा
विमू बंसल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पिलखुवा
समस्त सभासदगण एवं नगर पालिका परिषद पिलखुवा



ई20 नीति पर विशेषज्ञों की राय: उपभोक्ता, किसान और खाद्य सुरक्षा पर मंथन

वेलकम इंडिया संवाददाता

नई दिल्ली। पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण यानी ई20 नीति को लेकर भारतीय महिला प्रेस कोर (IWPC) क्लब में आयोजित पैनल चर्चा में उपभोक्ताओं, किसानों, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि ई20 का असर केवल वाहनों और ईंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध कृषि व्यवस्था, खाद्य प्रणाली और देश की दीर्घकालिक ऊर्जा नीति से भी है। दिल्ली साइंस फोरम के वैज्ञानिक एवं कार्यकर्ता डॉ. डी. रघुनंदन ने कहा कि ई20 से कुछ वाहनों में माइलेज कम हो सकता है और इंजन के कुछ पुर्जों पर असर पड़ने की संभावना है। इससे वाहन मालिकों के रखरखाव और मरम्मत का खर्च बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि जब उपभोक्ताओं के पास ईंधन का विकल्प चुनने की सुविधा नहीं है तो नीति बनाते समय वाहन मालिकों से भी व्यापक स्तर पर परामर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए मक्का और चावल की मांग बढ़ी है। भारत जहां पहले मक्का निर्यात करता था, वहीं अब अमेरिका से मक्का आयात करने की स्थिति में पहुंच गया है। उनके मुताबिक इथेनॉल नीति से कृषि और बाजार व्यवस्था में बदलाव आया है, लेकिन इसका लाभ सभी किसानों तक समान रूप से नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए दीर्घकालिक ईंधन नीति बनाने पर जोर दिया। आईसीआरआईईआर के विशिष्ट प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. रमेश चंद ने कहा कि देश में जरूरत से अधिक चावल और चीनी का उत्पादन हो रहा है। उनके अनुसार करीब चार करोड़ टन अतिरिक्त चावल भंडार मौजूद है, इसलिए फिलहाल खाद्य सुरक्षा पर तत्काल खतरा नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि धान की खेती में बड़ी मात्रा में पानी की खपत होती है और इसके पर्यावरणीय प्रभाव भी हैं। उन्होंने फसल विविधीकरण और वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। पूर्व कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण सचिव सिराज हुसैन ने इथेनॉल नीति से किसानों को होने वाले लाभ के सरकारी दावों की जांच की जरूरत बताई।

मासूम अनवाया ने भी अपने परिवार के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



आदर्श जनता इंटर कॉलेज में एनसीसी का एक दिवसीय शिविर का आयोजन

मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)। 56 राइफल रेजीमेंट मेरठ के द्वारा आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर में एनसीसी एवं सेना की विभिन्न कोर से संबंधित एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राइफलमैन नितिन नेगी एवं नायब सूबेदार राजेश कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी से संबंधित सभी जानकारी दी और इसके माध्यम से सेना मे हम अपना करियर कैसे बना सकते हैं इसकी जानकारी दी।अग्नि वीर जैसी योजनाओं में फैले हुए भ्रम को दूर किया। विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट नगेन्द्र कुमार ने बताया कि हम छात्रों को एनसीसी में एकता एवं अनुशासन मे रहते हुये लीडरशिप चरित्र निर्माण जैसी क्षमताओ को बढ़ाते है छात्र एनसीसी से अ,इ,उ प्रमाण पत्र प्राप्त कर सेना की विभिन्न कोर के अतिरिक्त अन्य सेवाएं में भी जा सकते हैं जहां उन्हें इन प्रमाण पत्रों का लाभ मिलता है कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र सिंह तोमर एनसीसी ऑफिसर मनोज कुमार हवलदार ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ाते हुए सीएससी केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज वितरण किया

मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)। सीएससीई गवर्नेंस सर्विसेज गाजियाबाद जिला समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार सभी जनपदों में हर घर तिरंगा अभियान को घर घर तक पहुंचाने का कार्य जन सेवा केंद्र संचालको द्वारा किया जा रहा है जिसमे जनपद के सभी केंद्रों पर तिरंगा वितरण का कार्य किया जा रहा है। आजादी के अमृत भाव को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ाते हुए सी एस सी केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज वितरण किया गया और खण्ड विकास कार्यालय मुरादनगर से एक मोटर साईकिल रैली का आयोजन भी किया गया आयोजन किया गया जिसमें जन सेवा केंद्र संचालको ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।